# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## जिला स्तर पर आयोजित गाँधी विचार संस्कार परीक्षा – 2019

(कक्षा–09 तथा कक्षा 11 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों हेतु)

### ऑनलाईन आवेदन करने संबंधी दिशा–निर्देश

**गाँधी विचार संस्कार परीक्षा – 2019 :–**

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के सार्द्ध शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में, उनके विचारो एवं दर्शन का विद्यार्थियों में बीजारोपण करने एवं आदर्श नागरिक बनने की दिशा में अग्रसर करने के उद्देश्य से, गाँधी विचार संस्कार परीक्षा का आयोजन जिला स्तर पर राजस्थान के सभी राजकीय विद्यालयों में दिनांक 28.11.2019 को विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा में कक्षा 09 एवं 11 में चयनित हुए 10–10 परीक्षार्थियों की जिला स्तर की परीक्षा का आयोजन माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ,राजस्थान अजमेर द्वारा ''स्वराज घोषणा दिवस'' दिनांक 19.12.2019 को करवाया जायेगा।

**परीक्षा तिथि, समय सारणी :–**

| | | |
|---|---|---|
| परीक्षा तिथि | :– | गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2019 |
| केन्द्र पर पहुंचने का समय | :– | दोपहर 01.00 बजे। |
| परीक्षा समय | :– | दोपहर 02.00 बजे से 03.00 बजे (01 घण्टा) |

**परीक्षा केन्द्र :–**

यह परीक्षा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों / तहसील स्तर पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराई जावेगी।

**प्रश्न पत्र का निर्धारण :–**

इस परीक्षा में प्रश्नो का चयन राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की आत्मकथा ''सत्य के साथ मेरे प्रयोग'' नामक पुस्तक से होगा, जिसमे 60 प्रश्न बहुविकल्पिय होगे। परीक्षा का प्रश्न पत्र द्विभाषी होगा। विद्यालय में उक्त पुस्तक का पुस्तकालय में होना सुनिश्चित किया जाये।

**परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथियाँ :–**

प्रत्येक राजकीय विद्यालय से दिनांक 28.11.2019 को विद्यालय स्तर की परीक्षा में कक्षा–9 एवं कक्षा–11 में चयनित 10–10 परीक्षार्थियों की जिला स्तरीय परीक्षा हेतु विद्यालय को इन परीक्षार्थियों के बोर्ड की वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर बोर्ड द्वारा पूर्व में प्रदत्त Login ID पासवर्ड से दिनांक 01.12.2019 से दिनांक 04.12.2019 (रात्रि 12:00 बजे) तक ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्यः होगा। (ऑनलाईन आवेदन करने हेतु नूमने का आवेदन पत्र बोर्ड वेबसाईट पर उपलब्ध है।) विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नही लिया जाना है।

**पुरस्कार :–**

निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर द्वारा जिला स्तरीय सम्मान समारोह में प्रत्येक जिले के प्रथम तीन विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में प्रथम पुरस्कार – स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार – लेपटॉप तथा तृतीय पुरस्कार – साईकिल दी जायेगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक जिले में प्रथम 100 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सात्वना पुरस्कार के रूप में विजेता मग दिया जायेगा। भाग लेने वाले सभी परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

**प्रवेश पत्र :–**

प्रवेश पत्र विद्यालय प्रधान बोर्ड वेबसाईट से परीक्षा आरम्भ से पूर्व डाउनलोड कर प्रमाणीकरण पश्चात परीक्षार्थियों को वितरित कर सकेगें।

### परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने संबंधी आवश्यक निर्देश

01. उक्त परीक्षा हेतु केवल ऑनलाईन आवेदन पत्र ही स्वीकार्य है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रधान की होगी।
02. नमूने का आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर उपयोग में लिये जा सकेंगे।
03. संस्था प्रधान परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन पत्र में परीक्षार्थी की जन्म दिनांक, केटेगरी, घर का पूर्ण पता, ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नं. सही अंकित करें।
04. कृपया ऑनलाईन आवेदन पत्र में सावधानी पूर्वक सभी सूचनाऐं आवश्यक रूप से सही भरें। किसी भी त्रुटि के लिए समस्त जिम्मेदारी संस्था प्रधान की होगी।
05. विशेष आवश्यकता वाले परीक्षार्थियों (CWSN) को बोर्ड नियमानुसार अतिरिक्त समय देय होगा।

**उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर.शीट) भरने के सामान्य निर्देश :–**

परीक्षार्थी एवं केन्द्राधीक्षक यह विशेष ध्यान रखें कि उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) अत्यंत महत्वपूर्ण होने के कारण इसे मोडे एवं फाडे नहीं तथा इस पर किसी प्रकार की पिन या ऑलपिन को काम में नहीं लेवें। इसके अतिरिक्त OMR शीट का दुरूपयोग नहीं करें।

उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर. शीट) के प्रत्येक चौखाने ☐ में नीले / काले बॉल पेन से लिखना है तथा प्रत्येक ◯ गोले को नीले / काले बॉल पेन से गहरा करना है। चौखाने ☐ में लिखने में केवल केपिटल लेटर्स या अंक का प्रयोग करें। प्रत्येक चौखाने के नीचे उसी से संबंधित अक्षर या अंक वाले गोले ◯ को नीले / काले बॉल पेन से पूर्णतः गहरा करें।

उत्तर पत्रक में सही विकल्प को गहरा काला नहीं करने की स्थिति में स्कैनर द्वारा नहीं पढ़ें जाने पर परीक्षार्थी स्वयं ही जिम्मेदार होगा।

नोट :–

01. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी जानकारी हेतु तथा आई.डी एवं पासवर्ड सम्बन्धी कार्य हेतु I.T. & C शाखा के फोन नं. 0145–2632865, 2627454 एवं bser.pwd@gmail.com पर ई–मेल करें।
02. अन्य जानकारी हेतु बोर्ड कन्ट्रोल रूम नम्बर 0145–2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क करें।

उप निदेशक (परीक्षा–I)
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान
अजमेर

www.rajteachers.com